प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 फरवरी 2025

2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए
अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तरीय आँकड़ों के आधार पर तिमाही आधार पर आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) संकलित करता है। आज, रिज़र्व बैंक ने 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) जारी किया[1], जिसका आधार वर्ष 2022-23 है और इसमें अठारह प्रमुख शहर शामिल हैं[2]।

मुख्य बातें:

- आवास मूल्य सूचकांक का मूल्य 2025-26 की पिछली तिमाही की तुलना में 2025-26 की तीसरी तिमाही में 114.2 से बढ़कर 115.6 हो गया जो प्रमुख शहरों- अर्थात जयपुर, कानपुर और चेन्नई- की 1.2 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही संवृद्धि को दर्शाता है। (चार्ट 1)
- अखिल भारतीय एचपीआई में 2025-26 की तीसरी तिमाही में 3.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वार्षिक वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। नागपुर, चंडीगढ़ और जयपुर जैसे शहरों ने उक्त वृद्धि में योगदान दिया। (चार्ट 1)

Chart 1: All-India House Price Index



अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी : 2025-2026/2167

[1] अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://data.rbi.org.in/#/dbie/home> Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

[2] अठारह शहर हैं: मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बैंगलोर, लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, पुणे, गाजियाबाद, ठाणे, गौतम बुद्ध नगर, चंडीगढ़ और नागपुर।